हिन्दुस्त

यूपी को तीसरा स्थान, आगरा तीसरा सबसे स्मार्ट शहर

लखनऊ, विशेष संवाददाता। सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी के मामले में उत्तर प्रदेश को देश के टॉप तीन राज्यों में चुना गया है। इसके अलावा आगरा देश का तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट शहर बन गया है। इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव 2023 में यूपी को विभिन्न श्रेणियों में 10 पुरस्कार हासिल हुए हैं।

स्मार्ट स्मार्ट सिटी शहरों की रैंकिंग में प्रदेश के दो शहर आगरा व वाराणसी निरन्तर प्रथम 10 शहरों व तीन शहर आगरा, वाराणसी व कानपुर प्रथम 20 शहरों में शामिल रहते हैं।

वहीं नॉर्थ जोन में वाराणसी को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी में नंबर वन पायदान पर रखते हुए पुरस्कृत किया गया है। समारोह में प्रदेश के अन्य शहरों को भी अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात व स्मार्ट सिटी मिशन निदेशक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी नगर निगमों में स्मार्ट सिटी के साथ-साथ सेफ सिटी बनाये जाने का कार्य भी प्रगति पर है। इन्टीग्रेटेड कमाण्ड सेन्टर व अन्य सुविधाओं पर काम जारी है।

यूपी के किस शहर को मिला किस श्रेणी में अवॉर्ड

- बेस्ट स्टेट की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को तृतीय स्थान
- नेशनल स्मार्ट सिटी अवॉर्ड कैटेगरी में आगरा स्मार्ट सिटी पूरे देश में तृतीय स्थान
- 10 लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों में वाराणसी स्मार्ट सिटी को प्रथम स्थान
- कानपुर को पालिका स्पोर्ट स्टेडियम के आधुनिकीकरण कार्य के लिए तीसरा स्थान
- इकोनॉमी श्रेणी में रोजगार ट्रेनिंग सेन्टर कार्य के लिए लखनऊ को तृतीय स्थान